नागराज और शांगो

संजय गुप्ता पेश करते हैं।

नागराज और शांगो

लेखक : परशुराम शर्मा   चित्रांकन : संजय अष्टपुत्रे   सम्पादक : मनीष गुप्ता

एशियन क्रुक चांगो के गिरोह के खूंखार लोगों ने सिल्वर लैण्ड के राज परिवार का कत्ल कर दिया था। सिर्फ राजकुमारी ताकाशी ही उनके चंगुल से बचकर भागने में सफल हो सकी थी। वह हांगकांग में अपने पिता के मित्र मास्टर सुजूकी की सहायता लेने पहुंची – किन्तु फंस गई चांगो के गिरोह के लोगों के बीच। नागराज की मदद से किसी तरह वह मास्टर सुजूकी तक पहुंचने में सफल हो गई। सुजूकी ने उन दोनों को एक जैसी अंगूठी देकर वापस सिल्वर लैण्ड भेजा। जहां वैसी ही तीसरी अंगूठी देकर चांगो के जबरदस्त प्रतिद्वन्दी कोरियन फाईटर शांगो को उनकी मदद के लिए वह भेजने वाला था। मगर शांगो को अंगूठी देने से पहले ही मास्टर सुजूकी चांगो के गिरोह के लोगों से टक्कर लेता हुआ बुरी तरह घायल हो गया। शांगो जब मास्टर सुजूकी से मिलने पंहुचा तो तीसरी अंगूठी, उसे देते हुए सुजूकी ने दम तोड़ दिया और गलत फहमी का शिकार होकर शांगो नागराज का दुश्मन बन गया। अब उसे तलाश थी नागराज की - -

यह सब आपने "राज कॉमिक्स में पूर्व प्रकाशित कॉमिक "नागराज की हांगकांग यात्रा में पढ़ा और अब आगे पढ़ें –

...ऐसी अंगूठी वाला कोई व्यक्ति दिखाई तो पड़े।

तभी—
ओह! मुझे अचानक खतरे की गन्ध महसूस हो रही है।

उसी समय—
घुप्प

कोई जबरदस्त फाईटर है-जो खड़ी अंगुलियों से दरवाजे को काट रहा है।

कुछ देर बाद—
भड़ाक
नागराज कौन है?

मैं हूं नागराज!
यह अंगूठी पहचानते हो नागराज?

हां!

ठाक
तो फिर मरने के लिए तैयार हो जाओ... हाऽऽ हूऽ
ढिशुम
क्या, तुम शांगो हो?
शांगो नहीं। तुम्हारी मौत का फरिश्ता!!! याऽऽऽ हू। हाऽऽऽहू

बड़ाक

ठाक

ठाक

जिप्प
टिक

रुक जाओ शांगो! तुम्हें कुछ गलत फहमी हुई है!

बुजदिल! मैं तेरे जिस्म के टुकड़े-टुकड़े कर दूंगा।
मैं अभी तक सिर्फ अपना बचाव कर रहा हूं। मुझे आक्रमण पर मजबूर मत करो शांगो।

क्याऽऽ?! शांगो को चैलेंज करता है?

या...ई...

फुस्स्स

ओह! मुझे नशा सा हो रहा है। अपनी सांस रोककर फेफड़ों की सारी हवा बाहर फेंक दूं।

शांगो पर मेरी जहरीली फुंकार का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इसका मतलब यह पूर्ण मास्टर है!

तुमने इसी तरह जहरीली गैसों के इस्तेमाल से सुजूकी को काबू में लेकर कत्ल किया होगा। लेकिन शांगो ऐसे हमलों का आदी है।
सुजूकी का कत्ल?!

शांगो तुम्हें धोखा हुआ है। मैंने सुजूकी का कत्ल नहीं किया।

और मुझ पर इतने हमले करने के बाद भी तुम इसलिए जिन्दा हो क्योंकि मैंने तुम्हें दोस्त समझा है...

...वरना देखो, मेरी ताकत क्या है...

सक्ऽ सक्ऽ

यह पहला आदमी है, जो मेरे सांपों से मुकाबला कर रहा है।
ओह! सांप ही सांप... यह क्या बला है, मुझे यहां से भाग निकलना चाहिए।

झनाक

मैं तुमसे फिर मिलूंगा नागराज!
बेफिक्र रहो दोस्त! मैं तुम्हारे पीछे-पीछे आ रहा हूं।

नागराज ! आखिर तुमने उसे जाने क्यों दिया... और तुम...
मैं अभी उसे लेकर आता हूं ! तुम यहीं ठहरो !

मुझे शांगो का ठिकाना मालूम करना चाहिए !

शांगो गोदी पर लौट आया।
नागराज एक खतरनाक किस्म का जादूगर है !

तभी-
तड़ाक
आह !

ओह ! लोहे की सलाख तोड़ दी !

जंबालू इसे कत्ल कर दो...

खबरदार !
वहीं रुक जाओ !
आह!
ठाक
रैट...टा...टा...

छपाक

ओह! वह शैतान इधर ही आ रहा है। मुझे जहाज के कंट्रोल रूम पर कब्जा करना चाहिए...

शांगो
किसी ने मुझे पुकारा है।

गोदी के मजदूर जहाज में कैद थे।
है! तुम लोग.. इस बड़े पिंजरे में...

तुम्हारे जाने के बाद हम पर कयामत टूट पड़ी शांगो!

लेकिन यह सब हुआ कैसे?
गोदी का मालिक जंबालु नामक शैतान को लेकर आया। उसने हमें उठा-उठा कर डेक पर फेंक दिया...

...और फिर यहां मौजूद बन्दूक-धारियों ने हमें कैद कर लिया।
मैं अभी यह सलाखें तोड़ कर तुम्हें आजाद कराता हूं।

तभी-
बचो शांगो...! जंबालू आ गया...!!

शांय...

करड करड..
!
जंबालू ने शांगो से सलाख छीन कर चबा डाली।

तड़ाक
खड़ाक.. कड़ाक

अब कहां निकलेगा पठ्ठे...तेरा खून पिऊंगा मैं!

जंबालू पर टूट पड़ो!

इन मच्छरों की इतनी हिम्मत...

किरच...किरच

खून... गरम खून!

झांगो का पीछा करते हुए नागराज गोदी तक पहुंच चुका था।

तुम सब लोग भाग जाओ...
कम्बख्त ने मुझे रस्सियों के बेहद मजबूत जाल में फांस दिया।
यहां पर खौफनाक जंग के आसार नजर आ रहे हैं।
अब मैं तेरा खून पिऊंगा... तू ही है वह शांगो - जिसने चांगो बॉस की नाक में दम कर रखा था।
तभी-
ओह सांप!?

दूसरा सांप ??

सांऽऽप ऽऽ

जब तक वह सांपों से जूझता है, मैं तुम्हें आजाद किए देता हूं।

तुमने मेरी जान क्यों बचाई?

अभी यह बताने का वक्त नहीं- पहले उसे देखो।

धड़ाम

बड़ाम

उस पर जहर का असर चढ़ रहा है। वह पागल हो गया है।

खून पी जाऊंगा...सबका!

जहाज तबाह हो रहा है। चलो... अब निकल चलो...
जंबालू पागल हो गया है- तबाही से वह खुद भी नहीं बचेगा।

कुछ ही क्षणों बाद_
बड़ाम

जहाज के साथ-साथ जबाल भी पानी मे गर्क हो गया।
मेरा ख्याल है कि तुम यह गोदी छोड़ दो...
...बचे खुचे मजदूरों को लेकर मेरे साथ चलो!
गोदी के मालिक और उसके गुण्डों ने मजदूरों को भून दिया होगा।
नहीं! मैंने उन्हें सबक पढ़ा दिया। वे अब इस तरफ कभी नहीं आएंगे।

गोदी के बचे-खुचे मजदूरों के साथ झांगो और नागराज चल पड़े।

यह शांगो है – जिसका मैंने तुमसे जिक्र किया था।
ओह! कोरियन फाइटर शांगो! तुम्हारा दोस्त... नहीं, जिसका तुम इंतजार कर रहे थे।

गोहिमा गोहिमा
गोहिमा गोहिमा
गोहिमा का अर्थ है- नमस्कार।

फिर नागराज ने शांगो को पूरा किस्सा सुनाया।
मुझसे बड़ी भूल हुई नागराज! सुजुकी ने मुझे अंगूठी दी और मैं यह समझा कि यह कातिल की पहचान है।
जबकि सुजुकी ने हम तीनों को पहचान के लिए अंगूठियां दी थीं।

...क्योंकि चांगो जानता है कि सुजूकी की मौत के बाद हांगकांग में क्या तूफान आएगा।...
...सुजूकी के शिष्य छोड़ेंगे नहीं चांगो को।
हमें एक ही रात में सारा काम समाप्त करना है झांगो। दो जगह एक साथ हमले होंगे- एक मोर्चा तुम संभालोगे और दूसरा मैं।
मैं तैयार हूं!

चांगो ने सिल्वर लैण्ड स्थित अपने हैडक्वार्टर में अपने विशेष साथियों की सभा बुलाई।
सिल्वर लैण्ड में नागराज और झांगो दोनों मौजूद हैं।
आप हमें आदेश दें-हम अपनी जानपर खेल जाएंगे।
नागराज के सम्बंध में बहुत सी जानकारियां हमें उपलब्ध हो रही हैं। यह वही शख्स है जिसने बुलडॉग का खात्मा किया था।

हमने सांपों से बचने का तरीका खोज लिया है।
सांपों से... क्या!? क्या वह कोई सपेरा है?

नहीं! वह हजारों नागों का स्वामी है- जो उसके शरीर में सूक्ष्म रूप में मौजूद रहते हैं।

हमने उससे निपटने के लिए एक विशेष ड्रेस बनाई है और यह ड्रेस हमारे आदमी धारण करेंगे।

यह देखो! नागराज से निपटने के लिए इस तरह की फोर्स होगी।
अब रहा शांगो का सवाल! उससे कोई भी फोर्स मुकाबला कर सकती है।
लेकिन ये लोग हैं कहां?

सिल्वर लैण्ड में हर तरफ मेरे जासूस फैल गए हैं। वे शीघ्र ही इसका पता लगाएंगे।

उधर नागराज ने योजना तैयार कर ली थी।
यह सिल्वर लैण्ड का नक्शा है।
कमाण्डर सबाटो का राज-भवन पर कब्जा है... और इसके चारों ओर छावनी है...

...और चांगो का हेड-क्वार्टर पश्चिम में एक समुद्री झील पर बना हुआ - जलमहल है। यह सूचना हमारे जासूसों ने दी है।

हम में से एक दल राजभवन पर कब्जा करेगा और दूसरा जलमहल पर...

...और यह सब एक ही रात में और एक ही समय पर होना है।

सुबह तक हम सिल्वर लैण्ड में एक नए शासन की घोषणा कर देंगे! क्या आप लोग मुझसे सहमत हैं?
हाँ... हम सब सहमत हैं।

एक दल का नेतृत्व शांगो करेगा और दूसरे का मैं...
मैं चांगो पर हमला करूंगा।

दोस्त शांगो! वह जगह राजभवन की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और खतरनाक है...

...इसलिए चांगो मेरा शिकार होगा!
मैं चांगो को अपने हाथों से मारना चाहता हूं।

मैं तुम्हारी भावना समझ सकता हूं और वायदा करता हूं कि चांगो को जिन्दा तुम्हारे हवाले कर दूंगा।

राजकुमारी नाकाशी! तुम शांगो के दल में रहोगी... छावनी के स्थानीय सैनिकों में हमारे कुछ आदमी हैं – जब उन्हें पता चलेगा कि राजकुमारी जिन्दा है तो अधिकांश सैनिक तुम्हारा साथ देंगे।
ठीक है! मैं शांगो का साथ दूंगी।

शांगो राजकुमारी ताकाशी का जीवन तुमसे ज्यादा कीमती है।
मैं जानता हूं।

मैं चांगो के जलमहल में अकेला जाऊंगा। बाकी सब लोग छावनी की तरफ जाएं।

चांगो के जासूस भी सक्रिय थे।
हैल्लो... बॉस! खबर मिली है कि नागराज और शांगो कणक बस्ती में रह रहे हैं।
कणक बस्ती!.. कणक सरदार को ज्ञात है यह?
जी हां! उसी ने शरण दी है।
उनकी गतिविधि पर नजर रखो।

योजना की शाम–
दोस्तों! अब हम एक दूसरे से तब मिलेंगे – जब सिल्वर लैण्ड पर राजकुमारी ताकाशी की पताका लहरा रही होगी।

और अगर हम अपने उद्देश्य में सफल न हो सके, तो हमें जिन्दा रहने का कोई हक न होगा।

राज कॉमिक्स
उनके दस्ते अलग-अलग रास्ते निकल पड़े ।
बॉस! नागराज जल महल की झील तक आ पहुंचा है।
ओह! उसका इतना साहस!
झील के तट पर चांगो का बोट हाउस था ।
यहां से मुझे एक बोट प्राप्त कर लेनी चाहिए।
ऐ कौन है?! वहीं रुक जाओ!
फुस्स्स
यह बोट हाउस का गार्ड है मैं इसके वेश में आगे बढ़ सकता हूं।
नागराज ने वेश बदल लिया—

तुम कहां जा रहे हो?
मैं जरा समुद्री गश्त लेने जा रहा हूं।

अभी-अभी खबर मिली है कि नागराज इस तरफ आ रहा है।
मैं उसी की तलाश में जा रहा हूं। दोस्त...

इसका मतलब इन्हें मेरे आगमन का पता है।

उधर बोट हाउस इंचार्ज ने नागराज की खोज आरम्भ करवा दी।
बोट हाउस का चप्पा-चप्पा छान मारो!

ओह! यह गार्ड बेहोश पड़ा है और इसके कपड़े भी गायब हैं।
इसका मतलब नागराज गार्ड के भेष में निकल गया।

ब्लेक फाइटिंग फोर्स कोई भी गार्ड अन्दर न आने पाए... अलर्ट...
ओ.के. बॉस।

महल के चारों तरफ सर्चलाइट घूम रही है - इसका मतलब है मेरी तलाश!

तो फिर मैं यह तरीका प्रयोग करूंगा!

ओह! यह नहर महल के अन्दर जा रही है?

नहर के रास्ते नागराज महल के अन्दर पहुंच गया।

सभी रास्तों पर पहरा था।

नागराज एक दीवार पर जा चढ़ा-
वो देखो! दीवार पर नागराज!

रटा..टा..टा...

बुर्जी पर।
पकड़ो।
तीसरी बुर्जी पर।

फुस्स्स

यहां मेरे सांपों का हमला कामयाब क्यों नहीं हो रहा है ?
रैटा..टा..टा...

वह दूसरी बुर्जी पर चला गया!

डिशुम

धा..धा..धा..धा

वह एक नम्बर की बुर्जी पर चला गया है।

बॉस, उस पर गोलियों का असर नहीं हो रहा है।
टूट पड़ो कुचल दो!

हाथापाई के युद्ध में नागराज ने कुंगफू का प्रयोग शुरू कर दिया।
ठाक
ठाक

नागराज ने स्नेक फाइटिंग फोर्स को नष्ट कर दिया बॉस!

उसे बमों से उड़ा दो!

ओह! अब मैं इसे अपने रेडियो बमों से खत्म कर दूंगा!

फिलहाल मुझे कन्ट्रोल रूम छोड़कर सबाटो की छावनी में पहुंच जाना चाहिए।

LIFT
वह इस गैलरी तक आ गया।

नागराज ने सम्मोहन से मालूम किया।
बताओ, चांगो कहां है ?
ऊपर महल के हेलीपेड पर।

नागराज एक खिड़की से छत पर पहुंच गया -
इससे पहले कि हेलीकॉप्टर उड़ान भरे-मुझे उसे पकड़ लेना चाहिए।

सारे महल में धमाके हो रहे हैं!

हेलीकॉप्टर सबाटो की छावनी की ओर चल पड़ा।

कमांडर सबारो! मैं चांगो तुम्हारे महल पर उतरने आ रहा हूं।
ठीक है मार्ग साफ है।
तभी–
नागराज!?
हां! मैं हूं नागराज!!
ठाक

बस, अब तुम कोई गड़बड़ मत करना। चांगो मेरे कब्जे मे है।

सबारो की छावनी की तरफ बढ़ते रहो।

उधर सबारो छावनी में-
देख लो, इस देश के वीर जवानों, मैं ताकाशी हूं। इस देश की राजकुमारी और अपने देश की जनता को सबारो के चंगुल से मुक्त कराने आई हूं।

राजकुमारी ताकाशी...
जिन्दाबाद

कमांडर सबारो को संदेश दो... यहां बगावत हो गई है।
ओ.के.! कैप्टन!

सबारो क्रोध से पागल हो गया-
टैंकों और तोपों के मुहाने खोल दो... कोई इधर कदम बढ़ाए तो उड़ाकर रख दो।

और जिस जगह बागी जमा हैं - वहां हवाई हमला कर दो!

ज़ंSSSSSS
ज़ंSSS

डरो नहीं, हवाई हमलों से कुछ नहीं होगा। हमारे महल तक एक सुरंग जाती है... हम उसके द्वारा अन्दर पहुंच जाएंगे।

हमारी एक टुकड़ी -दिखावे के लिए नबारो की आर्मी का मुकाबला करती रहेगी... ताकि उनका ध्यान -उसी तरफ रहे। बाकी लोग सुरंग के रास्ते अन्दर चलेंगे!

नाकाशी और शांगो का सैनिक दस्ता सुरंग के रास्ते बढ़ चला...

...और राजमहल के एक भाग में प्रविष्ट हुआ।
अटैक!

धड़ाम
धांय धांय

ठाक
खन्न

महल में घमासान युध्द हुआ।
झांगो! तुम सबारो की फरारी का रास्ता जाम कर दो... महल की छत पर जाओ!

कमांडर सबारो! महल के सभी हिस्सों पर बागियों का कब्जा होता जा रहा है।

झांगो ने महल की छत पर चढ़ना शुरू कर दिया।
ऊपर से एक हेलीकॉप्टर भी उतरता दिखाई दे रहा है।

ओह! फिलहाल मुझे चांगो के साथ यहां से निकल भागना चाहिए- वरना मेरे साथ-साथ चांगो भी घिर जाएगा।

सबाटो महल के हेलीपैड पर पहुंचा—
कमांडर! महामहिम चांगो का कॉप्टर उतर रहा है।
हां! तुम लोग यहां तक पहुंचने के रास्ते जाम कर दो।

या ई ई..ऽऽऽ

ठाक

सांय

सबाटो हेलीकॉप्टर की तरफ भागा - हेलीकाप्टर उतर रहा था।
इस वक्त मुझे अपनी जान बचानी है।

परन्तु तुम बच नहीं सकोगे सबाटो!

शांगो! यह रहा तुम्हारा शिकार चांगो! कंमाडर सबाटो, तुम्हारा खेल खत्म!

सबाटो ने दौड़कर महल की छत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।

अगली सुबह ताकाइशी की पताका सिल्वर लैण्ड पर फहरा रही थी
शांगो! तुम अपने कैदी के साथ चाहे जैसा सलूक करो... परन्तु ताकाइशी का राज्य भी तुम्हें संभालना है।
और नागराज तुम?

मेरी यात्रा बहुत लम्बी है राजकुमारी! बस हमारा साथ यहीं तक था... अब मैं विदा चाहता हूं।
नागराज मैं तुम्हें सदा याद रखूंगी।

और फिर नागराज अपनी नई यात्रा पर रवाना हो गया।
सर्र्र्र्र्sss
समाप्त